शहीदों की याद में निकाला मशाल जुलूस, दी श्रद्धांजलि

मंत्री ने कहा, गुमनाम क्रांतिकारियों की पहचान करने का किया जाएगा प्रयास

मंडला, देशबन्धु। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान शहीद हुए मंडला जिले के क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से रविवार को क्रांतिवीर स्मृति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय बड़ चौराहे में स्थित बरगद के वृक्ष में अनेकों क्रांतिकारियों को फांसी की सजा दी गई थी। अंग्रेजों ने 24 नवंबर 1857 को तो इस वृक्ष में एक साथ 21 क्रांतिकारियों को फांसी दे दी थी। ऐसे सभी गुमनाम क्रांतिकारियों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के उद्देश्य से रानी अवंति बाई स्मारक से बड़ चौराहे तक मशाल जुलूस निकाला गया और बड़ चौराहे में दीप प्रज्जवलित कर सभी क्रांतिवीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

गुमनाम क्रांतिकारियों की होगी पहचान- कार्यक्रम में पीएचई मंत्री संपतिया उइके शामिल हुईं। उन्होंने रानी अवंति बाई स्मारक में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की और मशाल को थाम कर जुलूस का नेतृत्व किया। मुख्य मार्ग से होता हुआ जुलूस बड़ चौराहे पर पहुंचा। यहाँ सभी ने पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। इस दौरान मंत्री संपतिया उईके ने गुमनाम क्रांतिकारियों की पहचान के लिए शासन स्तर पर प्रयास किये जाने और इस बरगद के वृक्ष की शाखा से पौधे तैयार कर जिले के गांव-गांव तक रोपित किये जाने की बात कही।

राष्ट्रहित के लिए कार्य करना ही बलिदानियों को सच्ची श्रद्धांजलि- कार्यक्रम के दौरान रामेश्वर अग्रवाल ने मुख्यवक्ता के तौर पर क्रांतिवीरों के शौर्य और पराक्रम की चर्चा की। उन्होंने स्वाधीनता की कीमत को समझ कर राष्ट्रहित के लिए कार्य कर बलिदानियों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने का आव्हान किया।

आने वाली पीढ़ी समझे स्वाधीनता की कीमत- कार्यक्रम के संयोजक विवेक अग्निहोत्री ने बताया कि इतिहासकारों का मानना है कि 24 नवंबर 1857 को बरगद के इस पेड़ पर एक साथ 21 क्रांतिकारियों को फांसी दी गई थी। दु:ख की बात है कि इन बलिदानियों के नाम इतिहास में दर्ज नहीं है। कार्यक्रम के माध्यम से 1857 के संग्राम में जिलेवासियों के पराक्रम और बलिदान की कहानी का स्मरण किया गया। जिससे आने वाली पीढ़ी क्रांतिकारियों को याद कर स्वाधीनता की कीमत समझ सके।

ये रहे उपस्थित- कार्यक्रम के अंत में बैशाखू नंदा की टीम ने भारत मां की आरती की। आकाश खत्री ने एकल गीत प्रस्तुत किया। मंच संचालन दीपचंद नंदा और कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाएं जितेंद्र चौरसिया ने की। इस दौरान नपा अध्यक्ष विनोद कछवाहा और भाजपा जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी ने अवंति बाई और बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा में माल्यार्पण किया। एसपी रजत सकलेचा, सीइओ श्रेयांश कूमठ, शशि पटेल, प्रफुल्ल मिश्रा, रोचिराम गुरवानी, जयदत्त झा, अनुराग चौरसिया, पार्षद अनिता दिनेश चौधरी सहित अन्य सामाजिक प्रतिनिधियों ने दीप जलाकर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

परिक्रमावासियों की सेवा, 1001 कन्याओं को कराया भोजन

मंडला, देशबन्धु। नर्मदा के तट पर दुर्वासा ऋषि संगम दुपता घाट एवं ओढारी घाट में शांति स्वरूपा महाराज के मार्गदर्शन में दोनों तटों पर आश्रम का निर्माण कराया गया है। यहां परिक्रमावासियों की सेवा की जाती है। इसी क्रम में आश्रम में 1001 कन्याओं के भोजन के बाद भंडारा कराया गया। सभी कन्याओं को नगद राशि एवं कंबल दान किया गया। कार्यक्रम में शामिल होकर क्षेत्रवासियों ने भी भंडारा ग्रहण किया।

सार-समाचार

मरीजों को बांटे भोजन के पैकेट

मंडला, देशबन्धु। अपने सेवा कार्यों से विश्व को मानव सेवा ही माधव सेवा है का संदेश देने वाले पुट्टपर्ती के आराध्य श्री सत्य साई बाबा के 99 जन्मोत्सव पर श्री सत्य साई सेवा संगठन द्वारा सम्पूर्ण जिले में हर्षोल्लास से सेवा कार्य करके जन्ममहोत्सव मनाया गया। श्री सत्य साई सेवा समिति के द्वारा महाराजपुर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए प्रात कालीन भव्य नगर संकीर्तन निकाला गया। दोपहर बाद नारायण सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिससे साईं दरबार मंडला एवं जिला चिकित्सालय में भोजन पैकेट बांटे गए। संध्याकाल में भजन, साई कथा एवं साई समिति महाराजपुर के बालविकाश विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक आध्यात्मिक कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुति की गई। जन्मदिन पर केक काटा गया साथ ही बच्चों को पुरुस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण किए गए। संगठन के जिलाध्यक्ष मनीष वासल ने आराध्य स्वामी के जन्मोत्सव की सम्पूर्ण जिलेवासियों को शुभकामनाएं दी साथ ही आगामी शताब्दी 100 वां जन्मोत्सव को सेवा कार्यों से मनाने का संदेश दिया। इसके पशश्चात महामंगल आरती एवं प्रसाद वितरण से कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

प्रेक्षक अरूण पांडे मंडला पहुंचे

मंडला, देशबन्धु। नगर परिषद निवास एवं पंचायतों के उप निर्वाचन 2024 (उत्तरार्द्ध) हेतु निर्वाचन के संचालन के प्रेक्षण हेतु नियुक्त प्रेक्षक श्री अरूण पाण्डे भाप्रसे (सेवानिवृत्त) सोमवार को मंडला पहुँचे। श्री पाण्डे 24 से 28 नवंबर 2024 तक सर्किटहाउस मंडला के नर्मदा कक्ष में रूके हुए हैं जिनका मोबाईल नंबर 9425036003 है। निर्वाचन संबंधी विषयों के लिए आमजन प्रेक्षक से सर्किटहाउस के हॉल में मिल सकते हैं।

कलेक्टर ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

मंडला, देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोमेश मिश्रा द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज मंडला स्थित ईवीएम एवं वीवीपेट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाऊस की सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह, निर्वाचन अधीक्षक अरूण, सीके तिवारी आदि उपस्थित रहे।

मकान मालिक पर किरायेदार से छेड़खानी का आरोप

मंडला, देशबन्धु। बीजाडांडी थाना अंतर्गत एक मकान मालिक पर किरायेदार की बेटी के साथ छेडखानी आरोप लगा है। यहां पीडित युवती की मां अपनी बेटी को न्याय दिलाने थाने के चक्कर काट रही है। बीजाडांडी थाने से न्याय ना मिलने के बाद पीडित युवती की मां मंडला पुलिस अधीक्षक के पास पहुंची। जहां जल्द न्याय दिलाने की गुहार लगाई।

बताया गया कि बीस वर्षीय युवती स्वयं के साथ हुई छेडखानी की रिपोर्ट दर्ज कराने अपने परिजनों के साथ बीजाडांडी थाने गई, लेकिन बीजाडांडी पुलिस द्वारा पीडित की शिकायत पर कोई उचित कार्रवाई नहीं की गई। जिसकी पुलिस अधीक्षक को पीडित शिकायत की है। बताया कि बीजाडांडी थाना प्रभारी ने हम लोगो को कहा कि तुम लोग तीन वर्ष से यहां नहीं रह रहे हो, पीडिता की मां को खराब औरत होने का आरोप लगाया गया है। बीजाडांडी पुलिस द्वारा शिकायत की जांच ना कर शिकायतकर्ता पर ही आरोप प्रत्यारोप लगाया जा रहा है। पीडिता ने बताया कि वह अपने माता पिता के साथ किराए के मकान में रहती है। मकान मालिक काफी दिनों से पीडिता के साथ अश्लील बातें कर छेड़छाड़ कर रहा था। एक दिन पीडित युवती को अकेले पाकर गलत नीयत से पकड़ लिया और गंदी हरकत करने लगा। जैसे-तैसे पीडिता आरोपी से छूट कर भागी और परिजनों को आप बीती सुनाई। जिसके बाद पीडिता के माता पिता ने छेडखानी की रिपोर्ट दर्ज कराने बीजाडांडी थाने पहुंचे। शिकायत लेकर जांच करने की बात कहकर पीडित परिवार को भगा दिया। करीब एक पखवाड़ा बाद भी छेडखानी करने वाले मकान मालिक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे परेशान होकर पीडितों ने पुलिस अधीक्षक के पास न्याय की गुहार लगाई है।

जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच रहीं योजनाएं

मंडला, देशबन्धु। शासन प्रशासन की लापरवाही की वजह से मध्य प्रदेश के मंडला जिले में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम से संचालित योजनाओं को दफ्न किया जा रहा है।

इन योजनाओं को पलीता लगाया जा रहा है दोनों के नाम की योजनाओं को असफल करने के लिए मध्य प्रदेश के मंडला जिले में शासन प्रशासन द्वारा पूरा प्रयास किया जा रहा है मामला मंडला जिले की तहसील नैनपुर का है तहसील नैनपुर के ग्राम परसवाड़ा में राजस्व विभाग व अन्य संबंधी विभाग की लापरवाही की वजह से 1 साल से कई नागरिकों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि नहीं मिल पा रही है और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की राशि भी नहीं दी जा रही है संबंधित विभाग द्वारा पंजीयन की नौटंकी की जाती है और उसके बाद पैसा आता ही नहीं है प्रत्येक पात्र किसानों का पंजीयन यहां पर नहीं किया गया है और ना किया जा रहा है बताया जा रहा है कि यहां पर पटवारी और राजस्व निरीक्षक लापरवाही कर रहे हैं।

इनके खिलाफ सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की गई है इन दोनों को निलंबित करने की कार्यवाही शासन प्रशासन द्वारा नहीं की जा रही है पटवारी और राजस्व निरीक्षक और राजस्व अधिकारियों की लापरवाही की वजह से ग्राम परसवाड़ा के कई किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की राशि सही तरीके से पंजीयन नहीं होने की वजह से नहीं मिल पा रही है शिकायत करने पर उनके द्वारा कहा जा रहा है कि स्वयं पंजीयन करो विभाग द्वारा पंजीयन नहीं किया जा रहा है।

जबकि जानकारों की माने तो विभाग द्वारा ही पंजीयन किया जाना चाहिए स्वयं द्वारा जो पंजीयन कराया जाता है वह कई बार असफल हो जाता है और फिर संबंधित विभाग उसका सही तरीके से काम नहीं करता है जिसकी वजह से लोगों को पैसा नहीं मिल पाता है।

इस तरह की करतूत राजस्व विभाग द्वारा यहां पर की जा रही है इस आशय की खबर भी लगातार प्रकाशित की जा रही है लेकिन तहसील नैनपुर के राजस्व अधिकारियों पटवारी और राजस्व निरीक्षक के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही सीएम हेल्पलाइन में शिकायत किए जाने के बाद भी नहीं की जा रही है सीएम हेल्पलाइन में की गई शिकायत का सही निराकरण नहीं किया जा रहा है बल्कि शिकायतकर्ता के ऊपर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है और सेल्फ रजिस्ट्रेशन करने के लिए कहा जा रहा है।

जांच की जाए प्रत्येक घरों में जाकर पता लगाया जाए कि कौन-कौन प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की राशि प्राप्त करने से वंचित हो रहे हैं उन्हें राशि प्रदान की जाए उनका पंजीयन किया जाए और दोषियों के खिलाफ तत्काल दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में बेहतर प्रदर्शन करने पर किया सम्मानित

मंडला, देशबन्धु। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सीएम हेल्पलाईन के अक्टूबर माह में हुए 90 प्रतिशत से अधिक निराकरण के लिए 21 विभागों के अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी लगातार शिकायत निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, सहायक कलेक्टर आपिक खान, समस्त एसडीएम सहित संबंधित उपस्थिति थे।

अक्टूबर माह में सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों में हुए 90 प्रतिशत से अधिक निराकरण में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, जिला आयुष अधिकारी डॉ. गायत्री आहके, जिला आपूर्ति अधिकारी मनोज पुराविया, जिला खेल अधिकारी रविन्द्र ठाकुर, सहायक संचालक मत्स्योद्योग एलएस सैयाम, जिला प्रबंधक लोकसेवा कविता गुप्ता, अधीक्षण अभियंता, ऊर्जा विभाग अयुब खान, जिला योजना अधिकारी क्षमा सराफ जिला परिवहन अधिकारी रमा दुबे, कार्यपालन यंत्री मनोज भास्कर, प्रभारी खनिज अधिकारी राहुल शांडिल्य, जेल अधीक्षक संजय सहलाम, उप संचालक पशु चिकित्सा उग्रसेन तिवारी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी निवास शिवासिंह लोधी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी बिछिया लक्ष्मण सिंह सारस, भागचंद टिमरिया को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

ट्रक और पिकअप वाहन की भिड़ंत, स्टेरिंग में फंसा चालक

मंडला, देशबन्धु। नेशनल हाईवे 30 में चौकी अंजनिया क्षेत्र अंतर्गत अहमदपुर चौराहा के पास ट्रक और पिकअप वाहन की टक्कर हुई है। रविवार को एक बजे हुए इस हादसे में पिकअप वाहन का चालक स्टेरिंग में फंसा रहा है। जिसे कुछ देर बाद राहगीर और स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाल गया। 108 एंबुलेंस की मदद से गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पूरी घटना को लेकर बताया जा रहा है कि पिकअप वाहन बिछिया की ओर से अंजनिया की तरफ आ रहा था तभी आगे चल रहे ट्रक से टकरा बैठा इतने में पीछे चल रहे ट्रक नें पिकअप को जोरदार टक्कर मारी स दोनों तरफ से पिअकप वाहन को टक्कर मिलने के कारण पिकअप चालक स्टेरिंग में फसा रहा स फिलहाल पुलिस नें एक ट्रक को कब्जे में लेकर दूसरे ट्रक तहकीकात में जुट गई है।

पानी को तरस रहे धौरनाला के लोग

नलजल योजना शुरू कराने की मांग

मंडला, देशबन्धु। ग्राम पंचायत मालीमोह गांव के धौरनाला क्षेत्र के लोग पेयजल के लिए तरस रहे हैं। ग्रामवासी निस्तारी के लिए पानी का उपयोग तो नाले से कर लेते हैं लेकिन पीने के पानी के लिए कुंआ का सहारा लेना पड़ रहा है। ग्रामवासियों ने केबिनेट मंत्री को भी आवेदन दिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार यहां जल प्रदाय योजना बड़ी खैरी से पानी के लिए पाइप लाइन बिछाई गई है लेकिन उक्त योजना से सप्ताह में एक या दो बार ही पानी पहुंच पाता है। जल जीवन मिशन के तहत नलजल योजना पूरी तरह से ठप पड़ी है। जिसे चालू कराने की मांग की गई है।

मनोह सूर्यवंशी, सुरेश मरावी, नरेश मरावी, गुलीराम उइके, प्रमोद भवेदिया, कृष्ण कुमार उइके, पुरेषोत्म प्रसाद, मनोज कुमार, संतोश सैयाम आदि ने बताया कि जिला मुख्यालय से 6 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत माली मोहगांव में पानी का हमेशा संकट रहता है। खास कर ग्राम धौरनाला में जनता पानी-पानी के लिए तरस रहे है।

कहीं पानी कहीं पानी ही नहीं- इसी पंचायत के कुछ गांव में पर्याप्त पानी है कुछ गांव पानी के लिए तरस रहे हैं। बहेलिया टोला, बेर टोला में पानी उपलब्ध है। रोजना समय पर हर घर में पानी की सप्लाई पहुंच रही है। ग्राम पंचायत कार्यालय वाले महोल्ले में पानी की गंभीर समस्या है। बड़ी खेरी से पांस से सात दिनो में कभी कभी सप्लाई देते हैं। जिसका समय भी पर्याप्त नहीं रहता है। दो-चार बर्तन भरते हैं और सप्लाई बंद हो जाती है।

ग्राम पंचायत के पास दो वर्ष पूर्व पानी की टंकी बनाई गई थी। जिसका उपयोग नहीं हो रहा है। टंकी बन कर तैयार है लेकिन पानी भरने की व्यवस्था नहीं है। गांव में पाइप लाइन भी आधा अधूरा डाला गया है। टंकी के लिए पानी का स्त्रोत नहीं है। मांग की गई है कि बेर टोला टंकी के लए बोर हुआ है उसमें पर्याप्त पानी है। यहां से टंकी में सप्लाई की व्यस्था की जा

सकती है जिससे सभी मोहल्ले में पानी पहुंच सके। मनोज सूर्यवंशी का कहना है कि गांव में पानी की समस्या है जिसके समाधान के लिए केबिनेट मंत्री से मुलाकात की है। उन्होने अधिकारी से बात कर समस्या का जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया है।

आयुष्मान कार्ड बनाने के अभियान को मिशन मोड में चलाएं : कलेक्टर

मंडला, देशबन्धु। 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के संबंध में समीक्षा करते हुए कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने निर्देशित किया कि जिले में 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के अभियान को मिशन मोड में चलाएं। उन्होने कहा कि चिन्हांकन करते हुए 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाएं। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में आयुष्मान कैंप आयोजित करें। साथ ही मुनादी के माध्यम से कैंप की जानकारी लोगों तक पहुंचाएं। कलेक्टर ने लक्ष्य निर्धारित करते हुए प्रतिदिन प्रत्येक आईडी में लगभग 10 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। योजना भवन में सम्पन्न हुई इस बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, सहायक कलेक्टर आपिक खान, समस्त एसडीएम सहित संबंधित उपस्थित थे।

जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन बेमतलब

दिनोंदिन बढ़ रहीं जनसमस्याएं, नेता उदासीन और नौकरशाही लापरवाह

मंडला, देशबन्धु। मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल मंडला जिले में ढेर सारी समस्याओं की वजह से नागरिक भारी परेशान हो चुके हैं लगातार इस आशय की खबर भी प्रकाशित की जा रही है इसके बाद भी शासन प्रशासन द्वारा मध्य प्रदेश के मंडला जिले में ध्यान नहीं दिया जा रहा है जन समस्याओं के निराकरण के लिए सभी कार्यक्रम व अभियान यहां पर दफ्न हो रहे हैं इन कार्यक्रमों के अंतर्गत समस्याओं का सही निराकरण नहीं हो रहा है।

जनसुनवाई कार्यक्रम तो मात्र औपचारिक हो गया है इसी तरह से सीएम हेल्पलाइन की हालत हो गई है समस्याओं का निराकरण गोलमाल तरीके से किया जा रहा है सीएम हेल्पलाइन की शिकायत को मांग में बदलकर बंद कराया जा रहा है गलत जवाब भेज कर भी शिकायत को बंद करने की कोशिश की जा रही है मंडला जिले में सड़कों की हालत खस्ता हो गई है शिक्षा की स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी है स्वास्थ्य व्यवस्था ज्यादा खराब हो गई है उद्योग पर्यटन उद्यान की कृषि यातायात के बेहद बुरे हाल हैं गंदगी बीमारी धांधली निरक्षरता बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है सरकारी स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण आहार कार्यक्रम संचालित करने वाले स्व सहायता समूह को मध्यान भोजन की राशि समय पर प्रदान नहीं की जा रही है अधिकारी कर्मचारी मुख्यालय में नहीं रह रहे हैं।

राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण सही तरीके से नहीं किया जा रहा है खनिज संपदा की लूट मची हुई है अवैध तरीके से स्टोन क्रेशर चल रहे हैं सरकारी भवनों की हालत खस्ता हो गई है सभी सरकारी भवनों व कार्यालय की मरम्मत व रंग रोगन का कार्य नहीं कराया जा रहा है प्राइवेट व सरकारी स्कूलों की शिक्षा की गुणवत्ता की जांच नहीं की जा रही है पटवारी और एएनएम महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता मुख्यालय में नहीं रह रहे हैं जल जीवन मिशन की दुर्गति करके रख दी गई है भारी भ्रष्टाचार जल जीवन मिशन अंतर्गत मंडला जिले में किया जा रहा है प्रत्येक घरों में नल कनेक्शन का कार्य नहीं किया जा रहा है मामला ग्राम परसवाड़ा का इस संबंध में बताया जा रहा है।

यहां पर सही तरीके से जांच पड़ताल नहीं की जा रही है इसी तरह संपूर्ण मंडला जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत भी भारी बाढ़ गड़बड़ी की जा रही है मामला मंडला जिले की तहसील नैनपुर के ग्राम परसवाड़ा का बताया जा रहा है यहां पर इस संबंध में शिकायत भी की गई थी कलेक्टर की जांच के आदेश के बाद भी दोषियों के खिलाफ अभी तक कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई है इस तरह का फर्जीवाड़ा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत संपूर्ण मंडला जिले में किया जा रहा है प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि की राशि व मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की राशि सभी किसानों को ही इस जिले में नहीं मिल पा रही है संबंधित विभाग की लापरवाही की वजह से किसान योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं मामला मंडला जिले की तहसील नैनपुर के ग्राम परसवाड़ा का बताया जा रहा है यहां पर किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि व मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की राशि नहीं मिल पा रही है इस तरह की तमाम तरह की समस्याएं मंडला जिले में मौजूद हैं समस्याओं के निराकरण के लिए शासन प्रशासन का कब परिणाम कार्य प्रयास करेगा नागरिक जानना चाह रहे हैं।